अजब-गजब : वेबसाइट लॉन्च, अब तक 220,581 लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

एआइ को किराए पर चाहिए इंसानी शरीर

मंडे इंट्रेस्टिंग MONDAY STORY

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) अब तक केवल डिजिटल दुनिया तक सीमित था, लेकिन अब उसे भौतिक कार्यों के लिए इंसानी हाथ-पांव प्रदान करने की कोशिश शुरू हो गई है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अलेक्जेंडर लिटेप्लो ने वेबसाइट (रेंटह्यूमन.एआइ) लॉन्च किया है जिसका कथित उद्देश्य एआइ एजेंटों (बॉट) के लिए भौतिक दुनिया में काम करनेवाले इंसानों को खोजने, बुक करने और भुगतान करने की सुविधा देना है। समाचार लिखे जाने तक इस प्लेटफॉर्म पर 220,581 इंसानों ने स्वयं को उपलब्ध बताते हुए रजिस्ट्रेशन करा लिया था।

अजीबोगरीब काम

वेबसाइट पर कुछ टास्क बहुत सरल हैं, जैसे एक्स पर किसी को फॉलो करना, तो कुछ थोड़े अजीब हैं, जैसे हाथ में एक बोर्ड पकड़कर फोटो खिंचवाना जिस पर लिखा हो- 'एक एआइ ने मुझे यह साइन पकड़ने के लिए पैसे दिए हैं।' काम के आधार पर भुगतान अलग-अलग निर्धारित किया जाता है। हालांकि इस प्लेटफॉर्म का अभी वास्तविक उद्देश्य स्पष्ट नहीं है।

क्रिप्टो में भुगतान का वादा

इस नए प्लेटफॉर्म का नारा है- 'रोबोट्स को आपके शरीर की जरूरत है'। यहां इंसान अपनी प्रोफाइल बना सकते हैं, अपने कौशल और स्थान की जानकारी दे सकते हैं और अपनी प्रति घंटा की दर तय कर सकते हैं। एआइ एजेंट यहां रजिस्टर्ड इंसानों को उन काम के लिए रख सकते हैं जो वे खुद नहीं कर सकते। जैसे- सामान की डिलीवरी लेना, खरीदारी, किसी उत्पाद का परीक्षण या किसी कार्यक्रम में शामिल होना। इसके बदले उन्हें क्रिप्टो-करंसी में भुगतान करने का वादा किया गया है।